जियाजी राव कपड़ा मिल लिमिटेड को वर्ष 1969-70 के बीच कितने औद्योगिक लाइसेंस दिये गये ;

(ख) क्या उक्त मिल में कोई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें वैयक्तिक रूप से लाइसेंस मिला है, किन्तु उनका तमाम कार्य जियाजी राव कपड़ा मिल द्वारा किया जाता है ;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में कोई जांच की गई है, और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (चौधरी राम सेवक) : (क) वर्ष 1969-70 में जियाजी राव काटन मिल्स को कोई औद्योगिक लाइसेंस नहीं दिया गया था ।

(ख) सरकार को इस आशय की कोई जानकारी नहीं है ।

(ग) तथा (घ). प्रश्न नहीं उठते ।

Opening of Rubber Purchasing Centre by S. T. C.

4839. SHRI YASHPAL SINGH : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether the State Trading Corporation propose to open purchasing centres for rubber at some other places ;

(b) if so, what are those places ; and

(c) how many tons of rubber the State Trading Corporation expect to secure from purchasing Centres per month ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (CHOWDHARY RAM SEWAK) : (a) Yes, Sir.

(b) The State Trading Corporation started first with Cochin and thereafter entered purchases at Kottayam and Calicut. Another centre at Parakode is also proposed to be started shortly.

(c) State Trading Corporation purchased about 900 tonnes in the first month : and with the functioning of four centres purchases of rubber are expected to increase.

नायलन का मूल्य

4840. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या वैदेशिक व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नायलन की विभिन्न किस्मों के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य क्या हैं और भारत में उनका क्या मूल्य है ;

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार और भारत में उनके मूल्यों में भारी अन्तर होने के क्या कारण हैं ; और

(ग) नायलन के मूल्य स्थिर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (चौधरी राम सेवक) : (क) तथा (ख). विदेशी निर्माताओं द्वारा स्वदेशी बाजारों और निर्यात बाजारों के लिए अलग-अलग कीमतें रखी गयी हैं । ब्रिटेन तथा सं० रा० अमरीका में कतिपय डेनियरों वाले नायलन धागे की उन देशों में, शुल्क तथा अन्य आरोपणों रहित, कीमतें तथा